दिनांक 24.02.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जहानाबाद जिलान्तर्गत कॉको प्रखंड में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थितिः-

(i) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **अध्यक्ष**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री अभय कुमार सिंह,** - **सदस्य**
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, गया जी।

(iii) **श्री कुमार उत्कर्ष,** - **सदस्य**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, जहानाबाद।

1	कार्य का नाम	- जहानाबाद जिलान्तर्गत कॉको प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य।
2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का	- ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025)
3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹9,95,03,400/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1053(नि0) अनु0 दिनांक-12.07.2025)।
4	परिमाण विपत्र की राशि	- ₹ 9,87,15,167/- (असैनिक कार्य)
5	निविदा की राशि	- ₹ 12,20,83,233/-
6	निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग	- पी0आर0संख्या-20693(भ0) 25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक-31.12.2025 में प्रकाशित।
7	निविदा आमंत्रण की तिथि	- 29.12.2025
8	प्री-बीड की बैठक की तिथि	- 15.01.2026 / 19.01.2026
9	निविदा की तिथि	- 03.02.2026
10	निविदा खोलने की तिथि	- 05.02.2026
11	<u>निविदादाता का नाम एवं पता</u>	-(1) मे0 मॉ कामाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल। (2) मे0 मॉ वैष्णवी इंजिकॉन प्रा0 लि0, सिपारा, बेउर, पटना। (3) एक्सप्रेसियन बिल्डटेक प्रा0 लि0, गोला रोड, बेली रोड, पटना। (4) मे0 श्रेयस इंजिकॉन प्रा0 लि0, बैंक रोड, पटना।

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>

<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक-22.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इस निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो जाने एवं सभी निविदाकार से निविदा की वैधता बढ़ाने पर सहमति/असहमति पत्र अप्राप्त होने के कारण दर्ज आपत्ति/परिवाद पर विचार किये बिना ही आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

<u>द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक-24.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा निविदा मे शामिल चार निविदाकारों द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

समीक्षा के क्रम में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पाया गया कि विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा के ई-प्रॉक02 पर General Information में Bid submission start एवं Bid submission End की तिथि क्रमशः 14.01.2026 (11:30 AM) एवं 03.02.2026 (03:00 PM) अंकित पाया गया। उक्त अवधि (Bid submission start एवं Bid submission End की तिथि को छोड़कर) 21 दिन से कम है। विभागीय पत्रांक-2893(भ0) एवं 1480(भ0) दिनांक-15.06.2021 एवं 13.02.2025 में वर्णित निविदा निष्पादन के दिशा-निर्देशों के पालन नहीं होने के कारण त्रुटिपूर्ण निविदा मानते हुए निविदा को रद्द करने का निर्णय लिया गया।

13 **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>**

सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदा त्रुटि पूर्ण होने के कारण तकनीकी बीड का मूल्यांकन न करते हुए आमंत्रित निविदा को रद्द करने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ संशोधित निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक की कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर डाली जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-	ह0/-	ह0/-
(कुमार उत्कर्ष)	**(अभय कुमार सिंह)**	**(मनोज कुमार सिंह)**
कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद।	अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गया जी।	मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना।

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-63/2025 ......6875...... पटना/दिनांक......24.02.26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/Block.T.P-1/2026/docx 100